आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मो. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com



जालंधर, वीरवार 13 मार्च 2025

वंदे भारत 24

भारत के मन की बात





@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com


# पंजाब कांग्रेस में सब ठीक नहीं...

## आलाकमान को सौंपी रिपोर्ट, कल भूपेश बघेल ने बुलाई बैठक



### खैरा ने गुरजीत राणा पर बोला हमला

खैरा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, यह बिल्कुल निजी मंडीकरण (बाजार निजीकरण) का भाजपा-अडानी मॉडल है. खैरा ने राणा गुरजीत के अभियान के समय को लेकर भी चिंता जताई. उन्होंने सवाल किया कि जब कांग्रेस 2027 के चुनावों की तैयारी कर रही है, तो विधायक अचानक इस एजेंडे को क्यों आगे बढ़ा रहे हैं.

खैरा ने पूछा, क्या यह अभियान भाजपा के इशारे पर कांग्रेस के भीतर भ्रम पैदा करने के लिए चलाया जा रहा है, खासकर हाल ही में आयकर छापों और सेबी के राणा को 63 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश के बाद?

राणा गुरजीत पर आगे हमला करते हुए खैरा ने बताया कि मक्के पर एमएसपी का वादा करने के बावजूद विधायक की फगवाड़ा चीनी मिल ने 2021-22 सीजन के लिए किसानों को गन्ने का 27.74 करोड़ रुपये का बकाया अभी तक नहीं चुकाया है. उन्होंने राणा के उद्योग पर चुकंदर की फसल का भुगतान रोकने का भी आरोप लगाया. खैरा ने सवाल किया कि क्या राणा गुरजीत ने सार्वजनिक बयान देने से पहले पार्टी के भीतर अपने मक्का अभियान पर चर्चा की थी. इसके बाद कांग्रेस में घमासान मच गया है.

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब कांग्रेस में आपसी खींचतान खुलकर सामने आ गई है. इस बाबत आलाकमान को एक आंतरिक रिपोर्ट सौंपी गई है. पंजाब कांग्रेस में सब ठीक नहीं है. आलाकमान को सौंपी गई आंतरिक रिपोर्ट टीवी 9 ने प्रसारित की. इससे राज्य कांग्रेस में हलचल बढ़ गई है. इसके बाद ही गुरुवार सुबह 11 बजे पंजाब कांग्रेस के प्रभारी महासचिव भूपेश बघेल ने बैठक बुलाई. प्रदेश की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक बुलाई गई है. इस बैठक में प्रभारी सचिव, अध्यक्ष समेत राज्य के अहम नेता शामिल होंगे.

बता दें कि अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने मक्का की निजी खरीद की वकालत करने के लिए पार्टी विधायक राणा गुरजीत सिंह की खुलेआम आलोचना की थी. इससे पार्टी के नेताओं में घमासान मचा हुआ है. हालांकि इससे पहले पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल के नेताओं को सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे पर हमला करने से बचने का निर्देश दिया था. फिर से पार्टी के एक नेता ने दूसरे की आलोचना की.

### सुखपाल सिंह खैरा ने गुरजीत राणा पर उठाए सवाल

खैरा ने गुरजीत के अभियान के समय पर भी सवाल उठाया था और कहा था कि यह 2027 के पंजाब चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को बाधित कर सकता है. सोमवार को मुक्तसर में एक कार्यक्रम में, कपूरथला के विधायक राणा गुरजीत सिंह ने किसानों से कपास की जगह मक्का की खेती करने का आग्रह किया, इसे एकमात्र तत्काल विकल्प बताया.

उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे अगले दो वर्षों तक मक्के की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करेंगे. खैरा ने हालांकि राणा गुरजीत के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई और उन पर फसल विपणन के निजीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, जो अब निरस्त किए गए कृषि कानूनों के समान है, जिसने 2021 में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था.

# नशा तस्करों की गुंडागर्दी, फिरोजपुर में आप नेता पर हथियारों से हमला

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** पंजाब के फिरोजपुर के ममदोट के गांव फत्तेवाला हिठाड़ में नशा तस्करों ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता पर हमला कर कर दिया। आठ हमलावरों ने आप ब्लॉक प्रधान पर तेजधार हथियारों से हमलाकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। नशा तस्करों ने उनकी शिकायत पुलिस को करने के शक में हमला किया है। पुलिस की सख्ती की वजह से नशा तस्करों का नशे का कारोबार ठप हो रहा था। घायल आप नेता बलवीर सिंह को सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना ममदोट पुलिस ने आठ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित बलवीर सिंह ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि गांव में कुछ लोग नशा बेचते हैं। आरोपियों को लगा कि बलवीर सिंह पुलिस को उनकी शिकायत दी है। बलवीर ने बताया कि उसका मोबाइल कहीं गिर गया था जो आरोपियों के हाथ लग गया। आरोपियों ने उसे मैसेज भेजकर मोबाइल लेने के लिए बुलाया था। जब वह उनके पास पहुंचा तो आरोपियों ने उसे घेर लिया और उस पर तेजधार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में वह बुरी तरह जख्मी हो गया। ग्रामीणों ने आप नेता को जख्मी हालत में अस्पताल में दाखिल करवाया। बलवीर ने कहा कि पंजाब सरकार ने भी नशा तस्करों पर नकेल कसी हुई है, इसी रंजिश के चलते उस पर आरोपियों ने हमला किया है। आरोपियों की पहचान तारा सिंह, काला सिंह, प्रकाश सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमेज सिंह, किश्न सिंह, हीरा सिंह व जसविंदर सिंह वासी गांव फत्ते वाला हिठाड़ के रूप में हुई है। थाना ममदोट पुलिस ने उक्त सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



## माछीवाड़ा साहिब में ASI का हाथ काटा

**छापामारी करने गए एएसआई के हाथ पर काटा :** श्री माछीवाड़ा साहिब के गांव शेरपुर में नशे के मामले में एक घर पर छापेमारी करने गई पुलिस पार्टी में शामिल एक पुलिस अधिकारी पर हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी कुलवंत कुमार, उसके बेटे नीरज कुमार और पत्नी कोमल घई के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रहे सहायक थानेदार कर्मजीत सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी इंचार्ज सुखविंदर सिंह को 112 हेल्पलाइन पर शिकायत मिली थी कि नीरज कुमार उर्फ बॉबी, उसकी पत्नी कोमल घई नशा व बेचने का धंधा करते हैं।

### पहले पुलिस अधिकारी की बर्दी फाड़ी

सहायक थानेदार सुखविंदर सिंह पुलिस पार्टी के साथ नीरज कुमार के घर पहुंचे और जब दरवाजा खटखटाया तो उसने गेट नहीं खोला। काफी देर बाद जब पुलिस पार्टी गेट खोलकर अंदर पहुंची तो वहां मौजूद नीरज कुमार व उसकी पत्नी कोमल घई ने सहायक थानेदार सुखविंदर सिंह की वर्दी पकड़ ली और धक्का-मुक्की करने लगे। जब हम उन्हें छुड़ाने लगे तो नीरज कुमार ने थानेदार सुखविंदर सिंह के दाहिने हाथ की कलाई को काट लिया और घायल कर दिया।

### छह ग्राम हेरोइन बरामद

इस दौरान आरोपी नीरज कुमार अपने कमरे से प्रैक्टिस स्प्रिंग ले आया और पुलिस अधिकारी के बाएं हाथ पर मारा। नीरज कुमार के पिता कुलवंत कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन उसने पुलिस को उनकी तलाशी लेने से मना कर दिया और मेन गेट बंद कर कुंडी लगा दी। पुलिस ने नीरज कुमार के पास से छह ग्राम हेरोइन भी बरामद की। माछीवाड़ा पुलिस ने नीरज कुमार और उसकी पत्नी कोमल घई को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि पिता कुलवंत कुमार मौके से फरार हो गया।


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525
आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247









# ST College of Nursing and Medical Sciences होशियारपुर में राष्ट्र टीकाकरण दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन










राष्ट्र टीकाकरण दिवस के अवसर पर ST College of Nursing and Medical Sciences, होशियारपुर में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य टीकाकरण के महत्व को उजागर करना और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना था। रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया रैली में छात्रों ने विभिन्न बैनर हाथ में लिए हुए थे, जिन पर टीकाकरण जीवन बचाता है, हर बच्चे को समय पर टीका लगवाएं जैसे जागरूकता संदेश लिखे थे। एक खास बैनर पर लिखा था- 5 साल में 7 बार, छुटे न टीका एक भी बार! इस संदेश के जरिए यह जागरूकता फैलाई गई कि बच्चों को 5 साल की उम्र तक कुल 7 बार टीका लगाया जाता है, और माता-पिता को सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी डोज़ न छूटे।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित और समय पर टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर बीमारियों से बचा सकता है, इसलिए इसे लेकर जागरूक रहना बेहद जरूरी है।

इस दौरान कॉलेज के शिक्षकों ने भी टीकाकरण को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य हर नागरिक तक यह संदेश पहुंचाना है कि टीकाकरण बेहद जरूरी है। सरकार द्वारा मुफ्त टीकाकरण योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ हर माता-पिता को उठाना चाहिए।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि टीकाकरण से कई घातक बीमारियों से बचा जा सकता है, खासकर नवजात शिशुओं और छोटे बच्चों के लिए यह बेहद आवश्यक है।

यह जागरूकता रैली लोगों को टीकाकरण के प्रति संवेदनशील बनाने की एक सराहनीय पहल है। यदि सभी लोग समय पर टीकाकरण करवाएं, तो गंभीर बीमारियों को रोका जा सकता है।












आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# हरियाणा में BJP ने 10 में से 9 निगम जीते

## कांग्रेस का नहीं खुल पाया खाता



**जालंधर( अंशु कपूर ) :** हरियाणा के निकाय चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत अपने नाम कर ली है। कांग्रेज जीरो पर ही सिमट गई। हरियाणा के कुल 10 नगर निगमों में से 9 पर भाजपा ने जीत हासिल की है। वहीं मानेसर नगर निगम में निर्दलीय मेयर प्रत्याशी डॉ. इंद्रजीत यादव विजयी रहे हैं। कांग्रेस का 10 में से किसी भी एक सीट पर खाता नहीं खुल सका है। सोनीपत, पानीपत, गुरुग्राम से लेकर फरीदाबाद तक में भाजपा को जोरदार जीत मिली है। यहां तक कि जुलाना नगर पालिका के चेयरमैन का पद भी भाजपा ने जीता है। जुलाना विधानसभा से विनेश फोगाट ने जीत दर्ज की थी।

### मेयर चुनाव में बना रिकार्ड

मेयर चुनाव में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बुधवार को हरियाणा के फरीदाबाद में बना। जहां बीजेपी की प्रत्याशी प्रवीन बत्रा जोशी ने 3.16 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की। यह भारत के नगर निकाय चुनाव में अभी तक की सबसे बड़ी जीत है। प्रवीन बत्रा जोशी ने कांग्रेस को लता रानी को भारी मतों से हराया है। फरीदाबाद में प्रवीन बत्रा जोशी को मिली जीत ने देश में सबसे ज्यादा मार्जिन के साथ मेयर चुनाव जीतने का नया रिकॉर्ड बना दिया। पहले ये रिकॉर्ड गाजियाबाद में बीजेपी उम्मीदवार सुनीता दयाल के नाम था। सुनीता ने 287000 वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। लेकिन आज फरीदाबाद से बीजेपी की प्रवीन बत्रा जोशी ने 316852 का नया रिकॉर्ड बना दिया।

- रोहतक जिला भूपिंदर सिंह हुड्डा का गढ़ माना जाता है, लेकिन यहां भी कांग्रेस को बड़ी हार मिली है। यहां से भाजपा कैंडिडेट राम अवतार ने 45,198 मतों से कांग्रेस के सूरजमल किलोई को हरा दिया है। भाजपा को 102269 और कांग्रेस को 57071 वोट मिले थे। सीट पर तीसरे पर इनेलो और आप चौथे पर रही।
- सोनीपत नगर निगम में हुए मेयर पद के उपचुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। यहां भाजपा के राजीव जैन ने 34 हजार 749 मतों के अंतर से जीत हासिल कर ली है। वहीं, कांग्रेस के कमल दीवान 23 हजार 109 वोट के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- गुरुग्राम नगर निगम चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का डंका बजा है। पार्टी की राज रानी ने 1 लाख 79 हजार 485 मतों के बड़े अंतर से कांग्रेस की सीमा पाहुजा को हराया है। कांग्रेस प्रत्याशी के खाते में 91 हजार 296 वोट आए थे। राज रानी मल्होत्रा को कुल 2,15,754 वोट मिले।
- फरीदाबाद नगर निगम पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण जोशी को 416927 वोट मिले, जबकि कांग्रेस की लता रानी 100075 वोट हासिल कर सकीं। उन्हें 316852 मतों से हार का सामना करना पड़ा।
- पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर के गृह क्षेत्र करनाल नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के मनोज वधवा 58 हजार 271 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यहां 83 हजार 630 वोट लेकर भारतीय जनता पार्टी की रेनू बाला गुप्ता ने जीत हासिल की है। उन्होंने कांग्रेस को 25359 मतों के अंतर से हराया है।
- भाजपा के सीनियर नेता अनिल विज का गढ़ कहे जाने वाले अंबाला में शैलजा सचदेवा को बड़ी जीत मिली है। उन्हें जनता ने शहर का मेयर चुन लिया है।
- यमुनानगर शहर में भी जनता ने भाजपा का मेयर चुना है। यहां से भाजपी की कैंडिडेट सुमन बहमनी 51940 वोटों से आगे चल रही हैं और उनकी जीत तय मानी जा रही है।
- हिसार नगर निगम से भाजपा के प्रवीण पोपली ने 64 हजार 456 मतों से जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस के कृष्ण टिटू सिंगला को मात दी। एक ओर जहां पोपली के खाते में 96329 वोट आए। वहीं, सिंगला को 31872 वोट मिले थे।
- पानीपत में भाजपा की कैंडिडेट कोमल सैनी को जीत मिली है। वह 17 राउंड की गिनती के बाद भी 1,08,729 वोटों से आगे चल रही थीं। भाजपा के लिए यह जीत बड़ी है।
- गुरुग्राम के पड़ोस में ही स्थित मानेसर में भाजपा और कांग्रेस दोनों को शिकस्त मिली है। यहां से निर्दलीय कैंडिडेट डॉ. इंद्रजीत यादव विजयी रहे हैं। उन्होंने 2,293 वोटों से जीत हासिल की। यादव को कुल 26,393 वोट मिले, जबकि भाजपा के मेयर प्रत्याशी सुंदर लाल 24,100 वोट ही पा सके।

# संसद सत्र में भाग नहीं ले सकेंगे अमृतपाल सिंह, सांसदी रहेगी बरकरार

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। अदालत ने अमृतपाल सिंह को संसद सत्र में भाग लेने की इजाजत नहीं दी है। हालांकि अमृतपाल की संसद सदस्यता रद्द नहीं होगी। केंद्र सरकार ने सुनवाई के दौरान बताया कि अमृतपाल सिंह की लीव रिकमेंड कर ली गई, लिहाजा अब उनकी लोक सभा सदस्यता नहीं जाएगी। इस जानकारी के बाद हाईकोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका का निपटारा कर दिया है।

केंद्र ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को बताया कि खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के लिए 54 दिन की छुट्टी मंजूर कर ली गई है। यह जानकारी मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति सुमित गोयल की खंडपीठ के समक्ष ऐसे समय में रखी गई जब लोकसभा अध्यक्ष ने हाल ही में अमृतपाल सिंह सहित सांसदों के अवकाश आवेदनों की जांच के लिए 15 सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। आज जब मामला फिर से सुनवाई के लिए आया तो भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल सत्य पाल जैन ने अधिवक्ता धीरज जैन के साथ पीठ के समक्ष लोकसभा सचिवालय द्वारा 11 मार्च को जारी पत्र पेश किया।



# बुलडोजर का डर

## पटियाला में दस नशा तस्करों ने छोड़ा गांव, घरों पर लटक रहे ताले; अब मुक्तसर में हुआ एक्शन




**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही देख लोगों ने गांव छोड़ना शुरू कर दिया है। समाना के बाद अब नाभा के गांव रोहटी छन्ना के दस परिवार अपने घरों को ताला लगाकर परिवार सहित गांव से निकल गए हैं। दस दिन के अंदर दो बार पुलिस टीम ने गांव का दौरा किया लेकिन सभी घरों में ताला लगा हुआ है। कुछ घरों के मालिकों ने दो-दो ताले लगा दिए हैं, अब संबंधित थाना की पुलिस ने इन घरों को केस के साथ अटैच करने व जेसीबी चलाने संबंधी अगले निर्देशों के लिए सीनियर अधिकारियों को लिखा है, जिन्होंने माल महकमा से इन घरों की पूरी डिटेल्स मांगी है। माल महकमा से रिपोर्ट मिलते ही पुलिस इन पर एक्शन लेगी।

### सरपंच की गिरफ्तारी के बाद भी नहीं बदला

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गांव के 60 लोग नशा तस्करी व नशा बेचने के केसों में शामिल हैं, जो सैंसी बिरादरी से संबंधित हैं। गांव में लगातार नशे के खिलाफ अभियान चलाने के बाद भी हालात सुधरे नहीं बल्कि एक महीने पहले गांव की महिला सरपंच को नशा तस्करों की मदद करने व उन्हें पुलिस से छुड़ाने के बदले रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

उस दिन से लगातार गांव के लोग नशा न बेचने की अपील के बाद नशे की गतिविधियों में शामिल थे। एक मार्च को पुलिस ने गांव में दबिश देते हुए दो लोगों को पकड़ा था, जिसके बाद अचानक से लोगों ने घरों को ताला लगाते हुए गांव छोड़ना शुरू कर दिया था।

### छोटे कमरे से लेकर बड़े मकानों तक ताले लगे

गांव के लोगों ने दबे स्वर में कहा कि नशे के केसों में सैंसी बिरादरी के लोग शामिल हैं। जिन परिवारों के पास एक कमरे का मकान होता था, वहां कुछ लोगों ने आज बड़ी कोठी बना ली है।

इन लोगों के पास न तो कोई जमीन है और न ही कोई बड़ी नौकरी। नशे के केसों में फंसने के बाद जमानत पर बाहर आते फिर से नशा बेच कोठियां बना ली। अब हालात यह हैं कि पुलिस के डर से यहां छोटे मकान व बड़े कोठियों वालों ने ताला लगा दिया और गांव छोड़ चुके हैं।

### नशे में शामिल लोगों ने घरों को ताला लगाया : इंस्पेक्टर

थाना सदर नाभा के एसएचओ इंस्पेक्टर गुरप्रीत सिंह समराओं ने कहा कि एसएसपी के निर्देशों पर नशे के खिलाफ मुहिम के तहत गांव रोहटी छन्ना में रेड की थी। यह सच है कि पिछले दस दिनों से गांव के दस से 15 घरों को लोग ताला लगा गांव छोड़ चुके हैं। अब इनकी प्रॉपर्टी केस के साथ अटैच करने और जेसीबी चलाने वाली कार्यवाही में शामिल कर रहे हैं, जिसके लिए माल महकमा से तालमेल कर रहे हैं। जिन घरों को ताला लगा है, वहां के लोगों के खिलाफ दो से अधिक नशे के केस दर्ज हैं।

# राबड़ी देवी ने CM नीतीश को बताया भंगेड़ी, बोलीं- भांग पीकर विधानसभा आते हैं, हमें बेइज्जत करते हैं



**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** बिहार विधान परिषद में मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बीच टकराव देखने को मिला। इसके बाद सदन से बाहर निकली राबड़ी देवी ने आरोप लगाया कि सीएम नीतीश भंगेड़ी हैं।


वह भांग पीकर विधानसभा आते हैं। वह महिलाओं को अपमानित करते हैं। दरअसल, बिहार विधान परिषद में राबड़ी देवी ने सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार में कोई काम नहीं हुआ है। इसे सुनकर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जाहिर की। इस दौरान उन्होंने राजद सरकार को लेकर बोलना शुरू किया। इसके बाद राजद के सदस्य सदन से बाहर निकल गए।

राबड़ी देवी ने बाहर आकर पत्रकारों से कहा, नीतीश कुमार कुछ भी बोलते रहते हैं। महिलाओं का अपमान करते हैं। उन्होंने सदन में हमें भी अपमानित किया। नीतीश कुमार कहते हैं कि 2005 से पहले कोई कपड़ा पहनता था? उन्होंने केवल मेरा नहीं, पूरे बिहार की महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले काम नहीं होता था, फाइल देखिए कि क्या-क्या काम हुआ था। बिहार की जनता नहीं जानती है क्या? हम लोगों ने महिलाओं, पिछड़े, अति पिछड़े, अल्पसंख्यकों, सभी के लिए काम किए हैं। उन्होंने कहा कि क्या नीतीश कुमार 2005 के पहले नहीं थे? पत्रकारों से भी उन्होंने कहा कि आप लोगों ने पहले हुए कामों को नहीं देखा है क?या? पहले बाजार, हाट नहीं था, तो व्यापार कैसे होता था?

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार दो बार सदन में हमें अपमानित कर चुके हैं। मुख्यमंत्री के पीछे पांच-छह लोग हैं, जो उन?हें सिखाते हैं, वही सीएम बोलते हैं। सीएम भाजपा की गोद में हैं और वही लोग कान भरते हैं। इनकी पार्टी के भी तीन-चार लोग हैं, जो उनके कान में फूंकते रहते हैं। नीतीश कुमार को उनके ही लोग बेइज्जत कराते रहते हैं। वही सिखाते हैं कि ऐसे बोलिए। सीएम के बयान के बाद हम लोगों ने सदन का बहिष्कार कर दिया।

## पाकिस्तान सरकार की नाकामी का घिनौना पैंतरा, ट्रेन हाईजैक पर बताया भारत का हाथ

**जालंधर( अंशु कपूर ):** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में ट्रेन हाईजैक कर ली गई है। पाकिस्तान पुलिस के सभी पैंतरे फेल होते नजर आ रहे है। पाक सरकार अपने लोगों को बचाने में असफल साबित हो रही है। जिससे बौखलाई पाक सरकार ने अब अपनी नाकामी का ठीकरा भारत पर फोड़ना शुरू कर दिया है। शहबाज के राजनीतिक सलाहकार का आरोप है कि इसमें भारत का हाथ है।



टीवी चैनल डॉन से बातचीत में शहबाज के राजनीतिक सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने कहा, हां, भारत कर रहा है, इसमें कोई शक नहीं है। उन्हें अफगानिस्तान जैसा एक सुरक्षित ठिकाना मिला हुआ है। तालिबान के सत्ता में आने से पहले उन्हें ये घातक हमले करने के अवसर नहीं मिलते थे, लेकिन अब उनके अभियानों में बढ़ोतरी हुई है क्योंकि अफगानिस्तान में उन्हें घात लगाकर हमला करने की सुविधा मिल रही है। हमने सरकारी स्तर पर अफगानिस्तान से कहा है कि इस गतिविधि को रोके, नहीं तो हम वहां जाकर उन ठिकानों को निशाना बनाएंगे। राणा सनाउल्लाह के साथ बातचीत का वीडियो डॉन टीवी के एंकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। बता दें कि पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक सुरंग में बलूच आतंकवादियों द्वारा एक यात्री ट्रेन पर हमला किए जाने के बाद सुरक्षा बलों ने कम से कम 27 आतंकवादियों को मार गिराया और 155 यात्रियों को बचा लिया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना का अभियान अभी भी जारी है।

## ऋषभ पंत की बहन की शादी में लगा क्रिकेट दिग्गजों का जमावड़ा, जमकर थिरके धोनी-रैना



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ):** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन शादी में क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गजों का जमावड़ा लगा हुआ है। मंगलवार को पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना देहरादून पहुंचे। मंगलवार को हल्दी की रस्म अदा की गई। इस दौरान दिग्गजों ने जमकर मस्ती की।

**'दमा दम मस्त कलंदर' पर जमकर थिरके धोनी-रैना और पंत :** ऋषभ पंत की बहन साक्षी बहुत जल्द शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। उनकी शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं। मंगलवार को हल्दी की रस्म हुई जिसमें भारत को तीन बार आईसीसी ट्रॉफी जिताने वाले कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पहुंचे।

इस दौरान सुरेश रैना भी नजर आए। अब सोशल मीडिया पर साक्षी की शादी से जुड़े तमाम वीडियो वायरल हो रहे हैं जिनमें खेल सितारों को जमकर मस्ती करते देखा जा रहा है।

वायरल वीडियो में धोनी, रैना और पंत मशहूर सॉन्ग दमा दम मस्त कलंदर पर थिरकते दिख रहे हैं। फैंस को माही का यह अंदाज काफी पसंद आ रहा है।

### कौन है साक्षी का दूल्हा?

लखनऊ सुपर जाएंट्स के नए कप्तान ऋषभ पंत की बहन साक्षी उद्योगपति अंकित चौधरी के साथ सात फेरे लेंगी। वह लंदन की एक निजी कंपनी के बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर हैं। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को जानते हैं और पिछले साल जनवरी में अंकित और साक्षी की सगाई हुई थी। इस शादी में करीबी रिश्तेदारों और खास दोस्तों को ही आमंत्रित किया गया है।

### आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं पंत

ऋषभ पंत हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद बहन की शादी के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। वह 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल के 18वें सत्र में लखनऊ के लिए खेलते नजर आएंगे। पिछले सत्र तक दिल्ली की कमान संभालने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज अब लखनऊ का नेतृत्व करेंगे। मेगा नीलामी में फ्रेंचाइजी ने उन्हें 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं।

## आम जनता को बड़ी राहत, 7 महीने के निचले स्तर पर आई खुदरा महंगाई



**जालंधर( अंशु कपूर ):** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर फरवरी में सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर रही है, जो कि जनवरी के आंकड़े से 0.65 प्रतिशत कम है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमत में कमी आना है। देश में जुलाई 2024 के बाद खुदरा महंगाई का यह सबसे निचला स्तर है।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि फरवरी में खाद्य महंगाई दर मई 2023 के बाद सबसे निचले स्तरों पर आ गई है और जनवरी के मुकाबले इसमें 2.22 प्रतिशत की कमी देखने को मिली है। मुख्य महंगाई दर और खाद्य महंगाई दर में फरवरी में आई गिरावट की वजह सब्जियों, अंडों, मीट और मछली, दालों और दुग्ध उत्पादों की कीमतों में कमी आना है।

फरवरी में जिन उत्पादों में सबसे कम महंगाई दर रही है। उनमें अदरक (-35.81 प्रतिशत), जीरा (-28.77 प्रतिशत), टमाटर (-28.51 प्रतिशत), फूलगोभी (-21.19 प्रतिशत) और लहसन (-20.32 प्रतिशत) शामिल थे। इस महीने ईंधन की कीमत में कमी देखने को मिली है और यह फरवरी में (-) 1.33 प्रतिशत रही है।

खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत से नीचे आने के कारण केंद्रीय बैंक के पास आर्थिक विकास दर को बढ़ाने और अधिक नौकरियां पैदा करने के लिए ब्याज दरों में कटौती की पर्याप्त जगह है। पिछले महीने आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट को 25 आधार अंक कम करके 6.5 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत कर दिया था। साथ ही कहा था कि महंगाई दर आरबीआई के लक्ष्य के अनुरूप 4 प्रतिशत के नीचे आने की उम्मीद है।

फरवरी महीने में हुई एमपीसी ने सर्वसम्मति से मौद्रिक नीति में अपने तटस्थ रुख को जारी रखने का भी फैसला किया और विकास को समर्थन देते हुए महंगाई को कम करने पर ध्यान केंद्रित किया था। मल्होत्रा ने कहा कि इससे व्यापक आर्थिक माहौल पर प्रतिक्रिया करने में लचीलापन मिलेगा।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247






# रूस-यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब होगा खत्म, जेलेंस्की हुए सहमत

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** यूक्रेन का कहना है वह रूस के साथ 30 दिन के युद्ध विराम के वाशिंगटन के प्रस्ताव का समर्थन करेगा। कीव ने कहा कि यह 'मील का पत्थर' वार्ता थी जिसके दौरान अमेरिका ने यूक्रेन के साथ सैन्य सहायता और खुफिया जानकारी साझा करने को फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी।

मंगलवार को सऊदी अरब के जेद्दा में यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों के साथ आठ घंटे से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद कीव ने यह घोषणा की। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका अब संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रस्ताव को रूस के समक्ष ले जाएगा, और गेंद अब मास्को के पाले में है।



### समझौता प्रस्ताव

संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि यूक्रेन ने तत्काल, अंतरिम 30-दिवसीय युद्ध विराम लागू करने के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसे पार्टियों के आपसी समझौते से बढ़ाया जा सकता है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अपने वीडियो संबोधन में कहा कि अमेरिका ने पूर्ण अंतरिम युद्ध विराम प्रस्ताव रखा है, जिसमें न केवल काला सागर में बल्कि पूरे फ्रंट लाइन पर मिसाइल, ड्रोन और बम हमलों को रोका जाएगा। जेलेंस्की ने कहा, यूक्रेन इस प्रस्ताव को स्वीकार करने के लिए तैयार है - हम इसे एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं और इसे अपनाने के लिए तैयार हैं। अमेरिका-यूक्रेन ने शांति प्रक्रिया के हिस्से के रूप में मानवीय राहत प्रयासों के महत्व पर भी जोर दिया, विशेष रूप से युद्ध विराम के दौरान, जिसमें युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है। दोनों पक्षों ने अपनी वार्ता टीमों के नाम तय करने और तुरंत शांति वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई।

### आगे क्या होगा?

अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी है क्या रूस इस प्रस्ताव को मानेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वे इस समझौते मॉस्को लेकर जाएंगे। ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज आने वाले दिनों में अपने रूसी समकक्ष से मिलने वाले हैं और ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ इस सप्ताह पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को जाने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि वह इस हफ्ते पुतिन से बात कर सकते हैं और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में एक स्थायी युद्धविराम पर बातचीत की जाएगी। रूसी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यूएस-यूक्रेन वार्ता के बाद कहा कि उसने अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ संपर्क की संभावना से इनकार नहीं किया है। पुतिन इस प्रस्ताव पर क्या फैसला लेंगे यह कहना मुश्किल है। रूसी राष्ट्रपति कह चुके हैं कि वे शांति समझौते पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने और उनके राजनयिकों ने बार-बार कहा है कि वे युद्धविराम के खिलाफ हैं और इसकी जगह ऐसा समझौता चाहते हैं जो रूस की दीर्घकालिक सुरक्षा की रक्षा करे।

पुतिन ने 20 जनवरी को अपनी सुरक्षा परिषद को बताया कि कोई अल्पकालिक युद्धविराम नहीं होना चाहिए, न ही संघर्ष को जारी रखने के उद्देश्य से सेनाओं को फिर से संगठित करने और पुन: शस्त्रीकरण के लिए किसी प्रकार की राहत होनी चाहिए, बल्कि दीर्घकालिक शांति होनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्रीय रियायतों से भी इनकार किया और कहा कि यूक्रेन को रूस के नियंत्रण वाले चार यूक्रेनी क्षेत्रों से पूरी तरह से हट जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक प्रभावशाली रूसी सांसद ने बुधवार को कहा, समझौते की आवश्यकता की पूरी समझ के साथ कोई भी समझौता - लेकिन हमारी शर्तों पर, अमेरिकी शर्तों पर नहीं।

हालांकि डोनाल्ड ट्रंप के फिर से अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका-रूस संबंध में काफी बदलाव आया है। पिछले दिनों अमेरिका और रूसी प्रतिनिधिमंडलों ने जेद्दाह में यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता हुई थी। वार्ता के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिकी-रूस वार्ता में शामिल पक्षों ने यूक्रेन में शांति स्थापित करने, आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक उच्च स्तरीय टीम बनाने पर सहमति जताई है।

## किस्मत अच्छी थी: अमृतसर में भाजपा नेता पर बाइक सवार बदमाशों ने की फायरिंग, चार गोलियां चली पर बच गई जान

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के अमृतसर में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक हाथ में पिस्टल लिए भाजपा नेता व ज्वेलर पर फायरिंग कर दी। घटना सुबह करीब 10.30 बजे की है। यहां बाइक सवारों तीन युवकों ने जान से मारने की नीयत भाजपा नेता व सुनार विशाल सूर पर गोलियां चला दी। हमलावरों की ओर से मौके पर चार फायर किए गए। हालांकि विशाल सूर ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई और कोई भी गोली उन्हें नहीं लगी।

इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की पूरी वीडिया विशाल सूर की दुकान के बाहर लगे कैमरों में कैद हो गई। वहीं सूचना मिलने पर थाना मजीठा रोड पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लेकर केस दर्ज कर लिया है।



विशाल सूर ने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय वर्कर हैं और उसकी सुनार की दुकान है। सुबह करीब जब वह 10.30 बजे अपनी दुकान पर आए थे। अभी वह दुकान खोल ही रहे थे कि तभी एक बाइक पर तीन युवक आए और सीधा फायर कर दिया। वह मौके से भागे तो आरोपियों ने उनका पीछा करते हुए तीन और फायर किए। किसी तरह से उन्होंने मौके से भागकर अपनी जान बचाई।

विशाल सूर ने बताया कि जिन आरोपियों ने उन पर गोलियां चलाई। वह तीनों एक दिन पहले भी उनकी दुकान पर आए थे और गहनों का रेट पूछ रहे थे। आज उन्हीं आरोपियों ने उन पर गोलियां चलाई।

थाना मजीठा रोड के प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है और वीडियो को जब्त से आरोपियों की पहचान करवाने की कोशिश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## डिफाल्टरों के मीटर काटने गए थे पॉवरकाम मुलाजिम, लोगों ने महिलाओं को आगे कर घेरा, बुरी तरह पीटा



**जालंधर( पवन कश्यप ) :** बिजली बिल ना भरने वाले ग्राहकों के मीटर काटने गए पीएसपीसीएल कर्मियों को चक्क भाई का गांव में लोगों ने दौड़ा कर बुरी तरह पीटा। मंगलवार शाम बिजली मुलाजिमों पर हमला करने वालों में महिलाएं भी शामिल थीं। मारपीट के दौरान लाइनमैन सुखचैन सिंह की पगड़ी उछल गई और नाजी सिंह के मुंह और नाक पर ज्यादा चोट आई हैं। हमलावरों ने नाजी को जमीन पर गिराया और घसीट कर बुरी तरह पीटा। पॉवरकाम की बस्सियां ग्रिड के अधीन शाहजहांपुर दफ्तर से मंगलवार शाम बिजली कर्मी डिफॉल्टिंग अमाउंट वाले ग्राहकों के मीटर काटने चक्क भाई का गांव पहुंचे थे। गांव में इसकी सूचना जंगल में आग की तरह फैली और महिलाओं को आगे कर लोगों ने बिजली कर्मियों को घेर लिया। गांव वासी सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त बिजली सहूलत का तर्क देते हुए मीटर काटने का विरोध करने लगे। दोनों तरफ से आरोप प्रत्यारोप के बीच तनाव बढ़ गया और गांव वासियों ने मुलाजिमों पर हमला कर दिया।

हमला करने वालों ने उनकी बाइक में भी तोड़फोड़ कर दी। कुछ राहगीरों ने बिजली कर्मियों को बड़ी मुश्किल से गांव वासियों से बचाया। सुखचैन सिंह और नाजी सिंह को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

थाना हठूर के प्रभारी नरिंदर सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है लेकिन अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है। अस्पताल की एमएलआर भी नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट

# पंजाब के 12 जिलों के पानी में आर्सेनिक की मात्रा अधिक, कैंसर का खतरा

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब के 12 जिलों में पानी में आर्सेनिक की मात्रा खतरे के निशान से ऊपर पाई गई है। इससे कैंसर और त्वचा संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

इसके अलावा 20 जिलों में नाइट्रेट की मात्रा भी तय सीमा से अधिक है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जल शक्ति मंत्रालय की रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने यह रिपोर्ट लोकसभा में पेश की है। इस रिपोर्ट ने पंजाब सरकार की चिंता बढ़ा दी है। सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। रिपोर्ट के अनुसार अमृतसर, फाजिल्का, फिरोजपुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, कपूरथला, श्री मुक्तसर साहिब, पठानकोट, पटियाला, रूपनगर, मोहाली और तरनतारन जिलों में आर्सेनिक की मात्रा 10 पीपीबी से अधिक पाई गई है। प्रदेश में 908 सैंपल जांचे गए, जिसमें 4.8 प्रतिशत सैंपल फेल रहे हैं। आर्सेनिक के कारण त्वचा का कैंसर, फेफड़े, आमाशय और गुर्दे का कैंसर हो सकता है। वहीं, प्रदेश के 20 जिलों में नाइट्रेट की मात्रा 45 मिलीग्राम प्रति लीटर से अधिक है। बठिंडा जिला नाइट्रेट से सबसे अधिक प्रभावित है। नाइट्रेट की मात्रा जानने के लिए 922 सैंपल लिए गए थे, जिसमें से 116 सैंपल (12.58 प्रतिशत) फेल पाए गए हैं। नाइट्रेट के कारण नवजात शिशुओं में ब्लू बेबी सिंड्रोम और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



### 26.57 फीसदी पानी सिंचाई के लायक नहीं

पंजाब के 26.57 फीसदी पानी में अवशिष्ट सोडियम कार्बोनेट (आरएससी) की मात्रा अधिक है, जिससे यह सिंचाई के लिए अयोग्य हो गया है। आरएससी की अधिक मात्रा फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है।

### बचाव के उपाय

पानी की नियमित जांच और शुद्धिकरण आवश्यक है। किसानों को रासायनिक खादों का कम उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को पानी के महत्व और प्रदूषण के खतरों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए।

## साइकिल पर जा रहे युवक से मोबाइल और कैश लेकर भागे एक्टिवा सवार, CCTV में हुए कैद

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** कपूरथला के जल्लोखाना क्षेत्र के नजदीक एक देर रात एक युवक से एक्टिवा सवार दो लुटेरे मोबाइल और 12 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। यह घटना नजदीक लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पीसीआर टीम ने लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। डीएसपी सबडिवीजन दीपकरण सिंह ने इसकी पुष्टि की। मिली जानकारी अनुसार मंगलवार रात लगभग 10 बजे जल्लोखाना के नजदीक साइकिल पर घर जा रहे युवक मिलन कुमार को एक एक्टिवा सवार दो युवकों ने घेर लिया।



आरोपियों ने मारपीट कर उसका मोबाइल और 12 हजार 100 रुपये लूट लिए। पीड़ित मिलन कुमार ने बताया कि वह एक हलवाई के पास कारीगर का काम करता है। रात जब वह जल्लो खाना के नजदीक से घर जा रहा था तो एक्टिवा सवार दो युवकों ने उसको घेर लिया और उसका मोबाइल-पैसे लूट कर फरार हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दे दी है। हालांकि यह लूट की घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हो गई है। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

डीएसपी सबडिवीजन दीपकरण सिंह ने बताया कि पीसीआर इंचार्ज चरणजीत सिंह खैहरा सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों को तलाश में लगे हुए हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि जल्द ही आरोपी काबू कर लिए जाएंगे।

## 'फोन में दूसरी लड़कियों के फोटो', कत्ल के बाद प्रेमिका की लाश संग किया ये काम; शिवम ने बताया पूरा घटनाक्रम


**जालंधर( पवन कश्यप ) :** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के बर्रा में हुए छात्रा की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी शिवम को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में शिवम ने पुलिस को बताया कि उसने प्रेमिका को क्यों मार डाला? कानपुर के बर्रा में 12वीं की छात्रा की हत्या करने के बाद से फरार सिरफिरे प्रेमी शिवम को पुलिस ने मंगलवार को फत्तेपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने बताया कि सोमवार को जब छात्रा कमरे पर आई तो उसने मेरे मोबाइल में दूसरी युवतियों के साथ फोटो और वीडियो देख लिए थे।

**हत्या में इस्तेमाल सर्जिकल ब्लेड भी बरामद :** इस पर दोनों के बीच मारपीट हो गई। छात्रा ने जब पुलिस से शिकायत करने की बात कही तो उसने सर्जिकल ब्लेड से गला रेत दिया।

फतेहपुर के हसनगंज निवासी कातिल प्रेमी शिवम उर्फ रॉक्सी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल सर्जिकल ब्लेड भी बरामद कर लिया है।

## कौन हैं पिंकी धालीवाल?: जिनके लिए रात 11 बजे हाईकोर्ट से जारी हुए आदेश, सुबह तीन बजे दर्ज हुए एसएचओ के बयान

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने म्यूजिक प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल को तुरंत पुलिस हिरासत से रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने यह आदेश धालीवाल के बेटे गुरकरण सिंह धालीवाल द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किया। कोर्ट ने कहा कि अगर पिंकी किसी अन्य मामले में वांछित नहीं है तो उसे तुरंत रिहा किया जाए। इस मामले में दायर याचिका में मोहाली पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए गए हैं। पिंकी को बिना किसी एफआईआर के घर से उठाने का आरोप लगा है। यह मामला 8 मार्च 2025 की शाम का है, जब पुलिस ने पुष्पिंदर पाल सिंह धालीवाल उर्फ पिंकी को उनके सेक्टर-71 स्थित घर से हिरासत में लिया। इस घटना के महज आठ मिनट बाद मटौर पुलिस स्टेशन में डीडीआर दर्ज




की गई, जिसमें दिखाया गया कि उन्हें पूछताछ के लिए लाया गया है।

**रात 10 बजे हाईकोर्ट में दायर की याचिका :** याचिका के अनुसार रात 8:20 धालीवाल के वकील से उनकी मुलाकात कराई गई। इसके बाद रात 10 बजे उनके बेटे ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए रात 11 बजे आदेश जारी कर एक वारंट अधिकारी नियुक्त किया। इसी बीच, आधी रात के बाद 12:40 बजे वारंट अधिकारी और धालीवाल के वकील पुलिस स्टेशन पहुंचे। एसएचओ ने दावा किया कि एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन न तो वकील को उसकी कॉपी दी गई और न ही गिरफ्तारी का कोई मेमो प्रदान किया गया।

### जबरन गिरफ्तारी मेमो पर करवाए हस्ताक्षर

बाद में उन्होंने पाया कि एसएचओ ने धालीवाल से जबरन एक गिरफ्तारी मेमो पर हस्ताक्षर करवा लिए थे, जो कि उन्हें उठाने के सात घंटे बाद तैयार किया गया। रात 3 बजे वारंट अधिकारी ने एसएचओ का बयान दर्ज किया, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से रिहाई से इनकार कर दिया। इसके बाद दिन में दो बजे धालीवाल को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां पुलिस ने पांच दिन की हिरासत मांगी, लेकिन अदालत ने दो दिन की ही रिमांड मंजूर की। हाईकोर्ट ने मंगलवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए धालीवाल को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया।

### ये है पूरा मामला


पंजाब पुलिस ने सिंगर सुनंदा शर्मा से धोखाधड़ी मामले में म्यूजिक प्रोड्यूसर पिंकी धालीवाल को गिरफ्तार किया था। मटौर थाना पुलिस की यह कार्रवाई सिंगर के भावुक पोस्ट के बाद हुई थी।

सुनंदा ने आरोप लगाया है कि पिछले कई साल में 250 करोड़ रुपये कमाने के बावजूद उन्हें कोई भुगतान नहीं किया गया। सिंगर ने मोहाली पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि पुष्पिंदर धालीवाल ने अपने बेटे गुरकरण धालीवाल से उनकी शादी कराने का झांसा देकर उनका शोषण किया।



# फेफड़े-हार्ट से लेकर कैंसर तक

## ये एक आदत बढ़ा रही है कई जानलेवा बीमारियां; आप भी तो नहीं हैं शिकार?



तंबाकू और धूम्रपान को सेहत के लिए कई प्रकार से नुकसानदायक माना जाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि 253 मिलियन (25.3 करोड़) से अधिक तम्बाकू उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत दुनिया में तम्बाकू उपयोग की सबसे अधिक दर वाले देशों में से एक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ तम्बाकू के कारण होने वाली बीमारियों और इससे स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ते अतिरिक्त दबाव को लेकर अलर्ट करते रहे हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, तंबाकू का किसी भी रूप में इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इससे हृदय रोग, मौखिक स्वास्थ्य और सांस संबंधी समस्याएं, त्वचा से संबंधित बीमारियां और कई प्रकार के कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अच्छी सेहत चाहते हैं तो तंबाकू-धूम्रपान से दूरी बनाना सबसे जरूरी है। अगर आप इसका सेवन करते रहे हैं और आज से भी इसे छोड़ देते हैं तो भी आप कई बीमारियों के खतरे को काफी कम कर सकते हैं। इतना ही नहीं धूम्रपान छोड़ने के एक दिन के भीतर ही आपके शरीर में कई प्रकार के सकारात्मक बदलाव होने शुरू हो जाते हैं।

### तंबाकू के कारण बढ़ रही हैं कई बीमारियां

- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएओ) के अनुसार, तंबाकू सेवन के कारण हर साल दुनियाभर में लगभग 80 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से 12 लाख लोग सेकेंड-हैंड स्मोकिंग (दूसरों द्वारा किए गए धूम्रपान) से प्रभावित होते हैं। तंबाकू-धूम्रपान शरीर को कई प्रकार से प्रभावित करता है।
- तंबाकू के कारण फेफड़े, मुंह, गले, पाचन तंत्र और मूत्राशय के कैंसर का खतरा बढ़ा जाता है।
- ये धमनियों में रुकावट का खतरा बढ़ा देती है जिससे हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है।
- फेफड़े की बीमारियों जैसे क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, एम्फायसेमा और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के लिए भी धूम्रपान को बड़ा कारण माना जाता रहा है।
- तंबाकू और धूम्रपान के कारण पुरुषों में शुक्राणु की गुणवत्ता कम होने और स्त्रियों में गर्भपात का खतरा बढ़ता है।

### तंबाकू से दूरी बनाने के लिए इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण

- हालांकि तंबाकू-धूम्रपान छोड़ने संबंधित आंकड़े काफी चिंताजनक हैं। लोग इससे होने वाली बीमारियों के डर के चलते दूरी तो बनाते हैं पर 95% लोग तंबाकू छोड़ने की अपनी यात्रा में असफल हो जाते हैं।
- स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, तंबाकू से दूरी बनाने के लिए इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण है, यही आपको पहला कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है। हालांकि सिर्फ इच्छाशक्ति ही पर्याप्त नहीं है, इसके लिए विशेषज्ञों की मदद लेना भी काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। हालांकि भारत में देखा गया है कि अधिकतर लोग केवल इच्छाशक्ति पर भरोसा करते हैं और मदद नहीं मांगते।

### तंबाकू छोड़ने के क्या तरीके हैं?

- तंबाकू की लत शारीरिक और मानसिक निर्भरता से जुड़ी होती है, इसलिए इसे छोड़ने के लिए सही रणनीति और इच्छाशक्ति जरूरी है।
- सबसे पहले तंबाकू छोड़ने का ठोस निर्णय लें और खुद को याद दिलाएं कि क्यों छोड़ना चाहते हैं।
- निकोटीन पैच, च्युइंग गम और इनहेलर से धीरे-धीरे शरीर को निकोटीन की आदत से छुड़ाया जा सकता है।
- तनाव प्रबंधन, ध्यान और व्यायाम की मदद से तंबाकू छोड़ने की इच्छाशक्ति बढ़ सकती है।
- निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी) की मदद लेकर आप इससे दूरी बना सकते हैं। एनआरटी की मदद से दुनियाभर में लाखों लोगों ने धूम्रपान की आदत से सफलतापूर्वक छुटकारा पाया है। डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित इस तरीके की मदद से आप भी तंबाकू छोड़ सकते हैं।

### धूम्रपान छोड़ने से होने लगते हैं शरीर में सकारात्मक बदलाव

- धूम्रपान छोड़ने का मतलब है, इसकी लत के चक्र को तोड़ना और मस्तिष्क को निकोटीन की आदत से रोकने के लिए पुन: व्यवस्थित करना।
- स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, धूम्रपान छोड़ने से रक्तचाप कम होने लगता है और फेफड़े-हृदय रोगों का खतरा भी कम हो जाता है।
- धूम्रपान छोड़ने के एक दिन के भीतर ही आपके शरीर में कई बदलाव शुरू हो जाते हैं।
- धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ एक दिन बाद ही आपमें हार्ट अटैक होने का जोखिम भी पहले की तुलना में कम होने लगता है।





## एक कटोरी दही रोज खाने से मिलते हैं ये लाजवाब फायदे, सेहत के लिए काफी फायदेमंद, डाइट में जरूर करें शामिल

दही में कई तरह के पोषक तत्व और प्रोबायोटिक्स पाए जाते हैं। दही एक फर्मेंटेड फूड है ऐसे में जरूरी है कि आप दही को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। इसे सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। आज हम आपको दही खाने के कुछ फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

### सर्दी या गर्मी में कभी भी कर सकते हैं सेवन

दही एक ऐसा सुपरफूड है जिसका सेवन आप सर्दी या गर्मी में कभी भी कर सकते हैं। सर्दियों में दही का सेवन करने से यह आपकी बॉडी को गर्माहट देती है और गर्मियों में खाने से यह शरीर को ठंडक देती है। दही में मौजूद प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट से शरीर को एनर्जी मिलती है और शरीर गर्म रहता है, ताकि सर्दी ना लगे।

**कैल्शियम की कमी पूरा करने में मददगार :** दही खाने से वजन कम करने में भी मदद मिलती है क्योंकि इसे खाने से उल्टा-सीधा खाने की क्रेविंग नहीं होती। दही एक प्रोबायोटिक है जो कैल्शियम और प्रोटीन से भरपूर होता है। सर्दियों में इसे खाने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है। दही में माइक्रो ऑर्गेनिज्म मौजूद होते हैं जो शरीर को सर्दी, जुकाम



आदि से बचाने में मदद करते हैं। दही शरीर में कैल्शियम की कमी को पूरा करने में भी मददगार है।

**ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम होता है :** दही में कैल्शियम और प्रोटीन होता है जो हड्डियों के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसका सेवन रोज करने से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम होता है।


दही में प्रोटीन की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो आपकी भूख को कम करने में मदद करता है जिससे आपको कुछ भी उल्टा-सीधा खाने की क्रेविंग्स नहीं होती है। दही खाने से आपकी भूख कम होती है और आप ओवरइटिंग नहीं करते हैं।

**स्किन स्मूद, हाइड्रेट व हेल्दी रखने में हेल्प :** दही में लैक्टिक एसिड होता है जो स्किन के लिए नेचुरल मॉइश्चराइजर की तरह काम करता है। यह आपकी स्किन को स्मूद, हाइड्रेट और हेल्दी रखने में मदद करती है।

दही में मौजूद प्रोटीन और फैट कार्बोहाइड्रेट के पाचन को धीमा कर देते हैं, जिससे ब्लड फ्लो में धीरे-धीरे शुगर रिलीज होता है।

दही ब्लड शुगर के लेवल में बढ़ोतरी को रोकने में मदद करता है, जिससे यह डायबिटीज वाले लोगों के लिए फायदेमंद होता है।

# सोने से पहले भूलकर भी न खाएं ये चीजें, वरना रात में करवटें बदलते रह जाएंगे आप



अगर आप रात भर करवटें बदलते रहते हैं और सुबह थका हुआ महसूस करते हैं, तो हो सकता है कि इसकी वजह आपके रात के खाने की आदतें हों। कई बार हम अनजाने में ऐसी चीजें खा लेते हैं, जो नींद को खराब कर देती हैं और शरीर को पूरी तरह से रिलैक्स नहीं होने देतीं।

अच्छी और गहरी नींद के लिए जरूरी है कि आप सोने से पहले कुछ खास चीजों से दूरी बनाए रखें। चलिए जानते हैं कि रात में किन चीजों से परहेज करना चाहिए ताकि नींद का मजा पूरा मिले। गहरी और सुकून भरी नींद पाना सभी के लिए जरूरी है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुछ चीजें आपकी नींद पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं? अगर आप चैन की नींद सोना चाहते हैं, तो सोने से पहले इन चीजों के सेवन से बचें :

**1. कैफीन (कॉफी, चाय, एनर्जी ड्रिंक)**

कैफीन एक स्टिमुलेंट है, जो आपके नर्वस सिस्टम को एक्टिव कर देता है। इसका असर घंटों तक बना रहता है, जिससे नींद आना मुश्किल हो सकता है। बेहतर होगा कि आप सोने से कम से कम छह घंटे पहले कैफीन का सेवन बंद कर दें।

**2. मसालेदार और तली-भुनी चीजें**

स्वाद में लाजवाब ये चीजें आपके पाचन तंत्र को परेशान कर सकती हैं। इससे एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है, जिससे सोते समय बेचैनी हो सकती है। रात के खाने में हल्के, सुपाच्य और कम मसालेदार भोजन को प्राथमिकता दें।

**3. चॉकलेट**

चॉकलेट में मौजूद कैफीन और शुगर आपके दिमाग को एक्टिव कर सकते हैं। इससे मेलाटोनिन (नींद का हार्मोन) का उत्पादन कम हो सकता है, जिससे गहरी नींद में रुकावट आती है।

**4. शराब (अल्कोहल)**

शराब शुरुआत में नींद लाने में मदद कर सकती है, लेकिन यह आपकी नींद की गुणवत्ता को खराब कर देती है। इससे रात में बार-बार नींद टूट सकती है, जिससे सुबह थकान महसूस होती है।

**5. अधिक पानी**

ज्यादा पानी पीने से रात में बार-बार वॉशरूम जाने की जरूरत हो सकती है। इससे नींद टूटने का खतरा बढ़ जाता है।

**6. हाई-शुगर वाले स्नैक्स (मिठाइयां, आइसक्रीम)**

ज्यादा शुगर आपके ब्लड शुगर लेवल को अचानक बढ़ा और गिरा सकता है। इससे शरीर में बेचैनी और अनिद्रा की समस्या हो सकती है।



# सेहत के लिहाज से लाभकारी माना जाता है काले चने का सेवन, शुगर लेवल रखेगा कंट्रोल, हाई बीपी के मरीजों के लिए फायदेमंद



सेहत के लिहाज से काले चने को अधिक लाभकारी माना जाता है। इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। चना ना केवल वेट लॉस में आपकी मदद कर सकता है।

साथ ही में डायबिटीज भी कंट्रोल कर सकता है। दरअसल, काले चने में स्टार्च के साथ-साथ ऐमिलोज नाम का एक खास तत्व पाया जाता है, जिसके चलते फूड्स में मौजूद शुगर का ब्लड में मिलने की प्रकिया धीमी हो जाती है। साथ ही बॉडी में इंसुलिन की सक्रियता भी बढ़ जाती है, जो टाइप-2 डायबिटीज से परेशान रोगियों के शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकता है।

## विटामिन बी कॉम्पलेक्स काफी

भिगोए हुए काले हुए चने खाने से शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। इसमें विटामिन बी कॉम्पलेक्स काफी होता है। इसके अलावा भिगोकर खाने से चने में प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ जाती है और मसल्स को मजबूत बनाते हैं। हालांकि इन्हें पचाना आसान नहीं होता है। भीगे चने डाइजेशन में परेशान कर सकते हैं।

## पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद

काले चने में फाइबर की मात्रा भरपूर पाई जाती है, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने का काम करता है।

बेहतर मेटाबॉलिज्म पाचन तंत्र दुरस्त रखने का काम करता है और आपको पेट की कई तरह की बीमारियों से बचाने का काम करता है। रोजाना सुबह भिगोए काले चने का सेवन बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

## हार्ट हेल्थ को भी बढ़ावा देता है

कोलेस्ट्रोल की अधिकता हृदय स्वास्थ्य के लिए घातक मानी जाती है। ऐसे में इसे कम करने के लिए आप भिगोए हुए काले चने का सेवन कर सकते हैं। इसमें मौजूद पोटेशियम हाई ब्लड प्रेशर को कम करता है और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद माना जाता है।

## खून की कमी को पूरा करता है

एनीमिया की परेशानी का कारण आयरन की कमी को माना जाता है। काला चना आयरन का अच्छा स्रोत माना जाता है।

ऐसे में आयरन की कमी को पूरा कर एनीमिया की परेशानी से कुछ हद तक राहत पायी जा सकती है।

रोजाना सुबह काले चने का सेवन आपकी बॉडी में खून की कमी को पूरा कर सकता है।